हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

9 सैनी सभा ने मनाया 92वां स्थापना दिवस व महाराजा...



10 मुनादी के बाद नपा ने चलाया अतिक्रमण हटाओ...



सर्दी ने तोड़ा रिकॉर्ड अब तक सीजन में सबसे ठंडी रही रात, तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज

# जमाव बिंदु पर पहुंचा पारा : शुक्रवार व शनिवार स्कूलों की रहेगी छुट्टी, सोमवार को खुलेंगे, शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

**स्कूलों का शीतकालीन अवकाश 17 तक बढ़ाया**

इस सीजन में जिले में बुधवार की रात अब तक की ठंडी रही। यहां पर तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। वहीं शिक्षा विभाग ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्कूलों का शीतकालीन अवकाश 17 जनवरी तक बढ़ा दिया है। इस संबंध में वीरवार को विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी, स्कूल मुखियों को पत्र जारी किया गया है। जिसमें निदेशालय ने कहा कि सर्दी की विभीषिका के मध्यनजर प्रदेश के सभी विद्यालयों में 17 जनवरी तक शीतकालीन बढ़ाया जाता है। अगले दिन रविवार की छुट्टी रहेगी। इस तरह स्कूल सोमवार को खुलेंगे। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक ने कहा कि सभी राजकीय व प्राइवेट स्कूलों में अवकाश शनिवार तक बढ़ा दिया गया है, अगर किसी स्कूल संचालक ने निर्देशों का पालन नहीं किया, तो उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि जिले में सर्दी का सितम लगातार जारी है। जिसमें दिन प्रतिदिन इजाफा होता जा रहा है। बुधवार व वीरवार की रात इस सीजन की सबसे ठंडी रही। यहां महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

क्षेत्र में हाड़कंपा देने वाली ठंड का शिकंजा बढ़ता जा रहा है। सम्पूर्ण इलाके पर दिन प्रतिदिन रात्रि व दिन का पारा लुढ़क रहा है। रात्रि तापमान जमाव बिंदु के आसपास बने हुए हैं। जिसकी वजह से शीतलहर से गंभीर शीतलहर व शीतदिवस की स्थिति देखने को मिल रही है। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में सबसे कम रात्रि तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस हिसार प्रथम व दूसरा स्थान 0.8 डिग्री सेल्सियस के साथ महेंद्रगढ़ का रहा, जबकि नारनौल 1.5 डिग्री सेल्सियस के साथ तृतीय स्थान पर रहा।


GOVERNMENT OF HARYANA / हरियाणा सरकार
Directorate School Education
विद्यालय शिक्षा निदेशालय
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in
सेवा में,
राज्य के सभी,
1. जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।
2. खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड मौलिक शिक्षा अधिकारी
3. स्कूल मुखिया/प्रभारी।
यादी क्रमांक- 2/2-2023 ACD (12)
दिनांक- 15.01.2026
विषय- शीतकालीन अवकाश बारे।
उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में विभाग के पत्र क्रमांक 2/2-2023 ACD (12) दिनांक 23.12.2025 को निरन्तरता में आपको सूचित किया जाता है कि सर्दी की विभीषिका के मध्यनजर राज्य के सभी विद्यालयों में 17 जनवरी, 2026 (शनिवार) तक शीतकालीन अवकाश बढ़ाया जाता है। सभी विद्यालय उक्त अवधि के दौरान बन्द रहेंगे।
दिनांक 19 जनवरी, 2026 (सोमवार) से विद्यालय पुनः की भांति खोले जाएंगे।

नारनौल। शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी किया गया पत्र।

### जिले का मौसम

जिले में लगातार ठंड का सिलसिला व डबल अटैक देखने को मिल रहा है। उत्तरी बर्फिली सर्द हवाओं से यहां रात्रि तापमान जमाव बिंदु के आसपास बने हुए हैं। साथ ही दिन के तापमान भी सामान्य से नीचे बने हुए। जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन व रात के तापमान क्रमश: 15.0, 1.5 डिग्री सेल्सियस तथा 22.0 व 0.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### मौसम पूर्वानुमान

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि आने वाले दिनों में एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। इसके साथ ही तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। पहला पश्चिमी विक्षोभ 16 जनवरी को सक्रिय होने से 16-18 जनवरी के दौरान आंशिक बादलवाही व दूसरा 19 जनवरी को सक्रिय होने से 19 से 22 जनवरी के दौरान आंशिक बादलवाही तथा उत्तरी जिलों पर केवल एक दो स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी होने की संभावना बन रही है। यह दोनों ही पश्चिमी मौसम प्रणाली कमजोर पड़ गई है, जिसके कारण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील बना रहेगा, बीच बीच में आंशिक बादलवाही देखने को मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**नारनौल।** केशव नगर में एक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार करीब 29 वर्षीय आनंद सिंह वासी मोहल्ला केशव नगर की बीती शाम को तबीयत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीरावस्था के चलते हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। युवक ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था। जब परिजन उसे जयपुर ले जा रहे थे, तब युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। युवक अविवाहित था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया।

### दीवान कॉलोनी के मकान में नकदी चोरी

**महेंद्रगढ़।** शहर की दीवान कॉलोनी में करीब साढ़े पांच लाख रुपये की चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित अमित कुमार, जो नीमराना राजस्थान स्थित एक कंपनी में कार्यरत हैं, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी माता सुरेश देवी 11 जनवरी को दिल्ली चली गई थीं और घर खाली था। 12/13 जनवरी की रात घर में लगे सीसीटीवी से पता चला कि दो अज्ञात व्यक्ति मकान में घुसकर नकदी चोरी कर ले गए।

### रेलसेवाओं का महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर ठहराव

**नारनौल।** रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा हेतु विभिन्न रेलसेवाओं का महेन्द्रगढ, सतनाली व सिवानी स्टेशनों प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेशों तक ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 12323 हावडा-बाडमेर रेलसेवा 21 जनवरी से महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर 18:00 बजे आगमन व 18:02 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12324 बाडमेर-हावडा 22 जनवरी से महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर 04:28 बजे आगमन व 04:30 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19701 जयपुर-दिल्ली कैंट रेलसेवा 19 जनवरी से सतनाली स्टेशन पर 02:10 बजे आगमन व 02:12 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19702 दिल्ली कैंट-जयपुर रेलसेवा 19 जनवरी से सतनाली स्टेशन पर 02:40 बजे आगमन व 02:42 बजे प्रस्थान करेगी।

### डीएसपी ने किया दो साइटों का अवलोकन

**कनीना।** कनीना में नए थाना भवन बनाने के लिए वीरवार को पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार ने दो साइटों का अवलोकन किया। इस दौरान नपा के पार्षद भी साथ थे। विदित रहे कि फिलहाल कनीना में दो पुलिस थाना सिटी व सदर संचालित हैं। जिनमें सिटी थाने की लोकेशन महेंद्रगढ़ कनीना कोसली स्टेट हाइवे नम्बर 24 बस स्टैंड के समीप तथा सदर थाना की लोकेशन मंडी रोड पर है। डीएसपी ने कहा कि उनकी ओर से गोशाला मार्ग के समीप नगर पालिका की साईट का अवलोकन किया गया है। जिसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

31 तक ओटीपी के माध्यम से करवाने हैं कागजात जमा

# जॉब गारंटी के लिए आवेदन करने पर नहीं आ रहा 'ओटीपी', 31 जनवरी अंतिम तिथि

*अंतिम तिथि आई नजदीक, ओटीपी को लेकर साफ दिशा-निर्देश नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल/महेंद्रगढ़

आउटसोर्स कर्मचारियों के जॉब गारंटी के ओटीपी नहीं आने के कारण वीरवार को डीआईटीएस कर्मचारियों ने महेंद्रगढ़ एसडीएम कनिका गोयल के मार्फत जिला उपायुक्त को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने कहा कि कर्मचारी जॉब सुरक्षा नियम की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। कर्मचारी करीब पांच से लेकर 12 वर्षों से कार्यालयों में निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं।

सरकार की ओर से पांच वर्ष से अधिक समय वाले सभी कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा गारंटी दी गई थी, जिसके लिए सरकार की ओर से 31 जनवरी तक सभी कर्मचारियों का डाटा फीड करवाना है, लेकिन 15 जनवरी तक बीत जाने तक कर्मचारियों का डाटा लॉगिन करने के लिए ओटीपी नहीं आ रहे हैं। ओटीपी नहीं आने के कारण कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि उनका डाटा आनलाइन नहीं हो रहा है।

कर्मचारियों ने बताया कि वे करीब 10 वर्षों से सरकार की हिदयतों के अनुसार कार्यालयों में कार्य कर रहे हैं। सरकार की ओर से अब कर्मचारियों के लिए कुछ सोचा गया है, लेकिन ओटीपी नहीं आने के कारण स्थिति दुविधाजनक बनी हुई है।

ज्ञापन लेने के बाद एसडीएम कनिका गोयल ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया की उनकी मांगों का ज्ञापन उचित माध्यम से माननीय जिला उपायुक्त को भेजा जाएगा व कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर लेखाकर गौरव, नरेंद्र, ममता, सुनील, सन्नी, मनोज सैनी, संजय, दिनेश सैनी व सूची सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते डीआइटीएस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### नारनौल में भी डीसी से मिल उच्च अधिकारियों के पास भेजी डिमांड

*यहीं हाल नारनौल लघु सचिवालय में कार्यरत एचकेआरएनएल कर्मचारियों का है। यहां कार्यरत कर्मचारियों ने जब आवेदन किया तो ओटीपी नहीं आया। इसके बाद यह कर्मचारी उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार से मिले और उन्हें बताया कि 31 जनवरी अंतिम तिथि है। अगर जॉब गांरटी से जुड़े इस आवेदन ऑनलाइन डाटा नहीं किया तो वंचित रह जाएंगे। अंतिम दिनों में साइट भी व्यस्त हो जाएगी। विस्तार से पूरा मामला सुनने के बाद सीटीएम की ड्यूटी लगाई गई। सीटीएम ने इस मामले में पत्र तैयार कर बीते शुक्रवार ही एचकेआरएनएल के सीईओ को भेजा। इसके बावजूद अभी तक समाधान नहीं हो पाया है। इस समस्या से जुड़े कर्मचारियों का कहना है कि एक तरफ सरकार वायदा पूरा करने की बात कहकर वाहवाही लूट रही है, दूसरी तरफ जॉब सिक्योरिटी के ऑनलाइन डाटा अपलोड करने पर ओटीपी नहीं भेज रही। इस दोगली नीति से कर्मचारियों में रोष है। कर्मचारियों ने ओटीपी भेजने और निर्धारित की गई तिथि को एक माह ओर बढ़ाने की मांग की है।*

### अनुभव प्रमाण पत्र के बगैर पब्लिक हेल्थ कर्मियों की जॉब खतरे में

**नारनौल।** हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ का नारनौल पब्लिक हेल्थ ब्रांच की इमरजेंसी कार्यकारिणी की मीटिंग पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस यूनियन कार्यालय में हुई। जिला प्रधान रमेशचन्द्र यादव की अध्यक्षता में हुई, जिसमें 16 जनवरी को कार्यकारी अधिकारी डिवीजन नंबर एक के खिलाफ धरने की रूपरेखा तैयार की गई। धरने का मुख्य उद्देश्य कौशल रोजगार निगम के तहत लगे हुए कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी देने के लिए हरियाणा सरकार ने 31 जनवरी की लास्ट डेट घोषित कर रखी है। हमारे डिवीजन के कार्यकारी अधिकारी ने अभी तक कौशल रोजगार वाले कर्मचारियों का एक्सपिरियंस सर्टिफिकेट ही नहीं बनाया है। पिछले हफ्ते अधिकारी ट्रेनिंग पर चले गए थे। अगले दो दिन छुट्टी पर चले गए। आज हैड आफिस चले गए। अगर इसी प्रकार से देरी करते रहे तो इन कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी कैसे मिल पाएगी। अगर इसी तरह लेट लतीफी होती रही तो सीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थी को फार्म अपलोड करते समय दिक्कतें आएंगी। कई अभ्यर्थियों के कैटगरी सर्टिफिकेट अपलोड नहीं हो पाए थे। अब सिर्फ पन्द्रह दिन बचे हैं, जिसमें छह दिन की छुट्टी आ रही है तो इन कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी कैसे मिल पाएगी। यह एक चिन्ता का विषय है। इस मौके पर मुख्य सलाहकार कृष्ण शर्मा, दलिप, सहीराम, ब्रांच सचिव संदीप जांगड़ा, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव, प्रेस सचिव रामशरण यादव, उपप्रधान रामचंद्र शर्मा, मास्टर शेरसिंह, जोगेंद्र, महीपाल, हवासिंह, राजबीर, कार्यालय सचिव संजय, कृष्ण कुमार व राजेश सहित कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।



नारनौल। आरोपितों को कोर्ट ले जाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

रिश्वत लेने का आरोप

## दोनों आरोपितों को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) गुरुग्राम की ओर से रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किए गए दोनों गृह रक्षियों को वीरवार अदालत में पेश किया गया। अदालत ने सुनवाई के बाद दोनों आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। इस संबंध में विजिलेंस नारनौल के इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया कि महेंद्रगढ़ सदर थाना गृह रक्षी आरोपित सतीश और गृह रक्षी विभाग नारनौल के कार्यालय में कार्यरत आरोपित सतीश को बुधवार रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया था। एसीबी के अनुसार रिमांड के दौरान दोनों आरोपितों से पूछताछ कर यह पता लगाया जाएगा कि इस मामले में ओर कौन शामिल है।

### सीआईए ने जुआ खेलते 4 को दबोचा

*नारनौल। सीआईए ने जुआ खेलते चार आरोपितों को पकड़ा है। गश्त के दौरान टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि मोहल्ला खटीकान स्थित धर्मशाला में कुछ लोग अवैध रूप से एकत्रित होकर ताश के पत्तों पर भारी रकम लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और धर्मशाला में छापेमारी कर मौके से चार व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की पहचान पहलाद, रमेश, प्रवेश, सुरेश के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से कुल 18500 रुपये की नकदी व ताश के पत्ते बरामद किए हैं। इस संबंध में थाना शहर में आरोपितों के खिलाफ हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ गैंबलिंग एक्ट 2025 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।*

## मुख्य शिक्षकों के लिए जिला परिवर्तन को लेकर टेस्ट ड्राई रन

*एमआईएस पोर्टल पर 17 जनवरी तक विकल्प आमंत्रित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा के प्राथमिक शिक्षा विभाग ने नियमित प्राथमिक शिक्षकों एवम मुख्य शिक्षकों के जिला/कैडर परिवर्तन की मांग का आकलन करने के उद्देश्य से टेस्ट ड्राई रन आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विभाग की ओर से वीरवार को आधिकारिक सूचना जारी की गई है। सूचना के अनुसार यह टेस्ट ड्राई रन केवल शिक्षकों की रुचि और मांग को जानने के लिए है। इसमें भाग लेने वाले शिक्षक वास्तविक जिला परिवर्तन का दावा नहीं कर सकेंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस ड्राई रन के आधार पर किसी भी शिक्षक का जिला बदला नहीं जाएगा।

*17 जनवरी तक दे सकते हैं विकल्प:* नियमित प्राथमिक शिक्षकों एवं मुख्य शिक्षक जो अपने कैडर/जिले में परिवर्तन के इच्छुक हैं, वे एमआईएस पोर्टल पर जाकर अपनी जिला प्राथमिकताएं क्रमवार भर सकते हैं। शिक्षक अपनी वर्तमान तैनाती वाले जिले और नूंह जिले को छोड़कर किसी भी संख्या में जिलों के विकल्प 17 जनवरी तक दे सकते हैं।
*वास्तविक प्रक्रिया बाद में होगी:* विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वास्तविक कैडर परिवर्तन की प्रक्रिया सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बाद उचित समय पर शुरू की जाएगी।
*शिक्षकों को मिली अहम जानकारी:* यह केवल टेस्ट ड्राई रन है, अंतिम प्रक्रिया नहीं। ड्राई रन के आधार पर जिला परिवर्तन का कोई अधिकार नहीं बनेगा। वास्तविक शेड्यूल अलग से जारी किया जाएगा। सभी इच्छुक शिक्षक एमआईएस पोर्टल पर समय रहते विकल्प दर्ज करें।

## रोडवेज बस से गिरने पर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बस स्टैंड के गेट के सामने रोडवेज बस से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। युवक गलत रूट की बस में बैठने उपरांत उससे उतरते वक्त संतुलन खो बैठा और उसी बस की चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लिया।

जानकारी मुताबिक गांव भगड़ाना निवासी सुरेश सुबह जयपुर में दवाई लेने के लिए घर से निकला था। परिजनों के अनुसार सुरेश नारनौल बस स्टैंड से हरियाणा रोडवेज की बस में जयपुर जाने के लिए सवार हुआ था।

### चालक ने चलती बस से सुरेश को उतारा

बस के बाहर निकलने पर उसे जानकारी मिली कि यह बस जयपुर नहीं, बल्कि रेवाड़ी जा रही है। इस पर सुरेश ने बस चालक से बस रोकने का आग्रह किया। आरोप है कि चालक ने बस को पूरी तरह रोके बिना ही धीमी गति में चलती बस से सुरेश को उतार दिया। उतरते समय सुरेश संतुलन बिगड़ने से बस की खिड़की के पास से नीचे गिर गया। इसी दौरान चालक ने लापरवाही बरतते हुए बस की रफ्तार बढ़ा दी, जिससे सुरेश बस के पिछले हिस्से के नीचे आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

कथा का 25 देशों में होगा लाइव प्रसारण, कथा वाचक विदूषी बेला पारिक बोली, सीएम नायब सैनी भी करेंगे शिरकत

महायज्ञ, धार्मिक प्रवचन एवं गो सेवा के लिए होगा कार्यक्रम

# महेंद्रगढ़ की श्रीगोपाल गोशाला में आज से शुरू होगा सवा करोड़ सुरभि मंत्र जाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गोरक्षा के लिए मातृभूमि सेवा संघ की ओर से 16 से 23 जनवरी तक शहर के डुलाना रोड स्थित श्रीगोपाल गोशाला बुचियावाली में सवा करोड़ सुरभि मंत्र जाप व 108 कुंडीय महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। वीरवार को श्रीगोपाल गोशाला बुचियावाली में कथा वाचक विदूषी बेला पारिक ने पत्रकारवार्ता कर यह जानकारी दी है। प्रदेश में पहली बार महेंद्रगढ़ की भूमि प्रथम गो शक्ति जागरण अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। शहर की गोशाला बुचिवाली आयोजित होने वाले इस आठ दिवसीय श्री सुरभि गो महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया जाएगा।

इसका उद्देश्य भारत में माता का दर्जा गोवंश की रक्षा करना है। कार्यक्रम में विदूषी बेला पारिक की ओर से धार्मिक प्रवचन एवं गो सेवा के लिए जागरूकता के लिए कार्यक्रम किए जाएंगे। विदूषी बेला पारिक ने बताया कि कार्यक्रम में सीएम नायब सैनी को भी बुलाया गया है। इस कार्यक्रम में किसी भी दिवस प्रदेश के मुख्यमंत्री शिरकत करेंगे।

हरियाणा गोसेवा आयोग के प्रांतीय चेयरमैन श्रवण कुमार ने सभी लोगों, गोप्रेमियों, गोरक्षा दलों, किसानों से महायज्ञ में शामिल होने की अपील की। विदूषी ने सभी लोगों से जोड़े में आने और हवन को सफल बनाने का आह्वान किया है। कथा का 25 देशों में लाइव प्रसारण किया जाएगा और इसके लिए लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी संघ के चैनल पर देख सकते हैं।



महेंद्रगढ़। पत्रकारों को जानकारी देती कथा वाचक विदूषी बेला पारिक। फोटो : हरिभूमि

### कलश यात्रा के साथ होगा शुभारंभ

मंडल की ओर से कार्यक्रम की शुरुआत 16 जनवरी को सुबह साढ़े आठ बजे गोशाला से कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम शुरू होगा। यात्रा गोशाला से मोहल्ला जवाहर नगर, टेलीफोन एक्सचेंज, सराफा बाजार, परशुराम चौक व मसानी चौक होते हुए वापस गोशाला में पहुंचेगी। इसके बाद सुबह 11 बजे 108 कुंडीय हवन किया जाएगा और दोपहर दो बजे से सवा चार बजे तक गोभागवत कथा आयोजित की जाएगी। प्रतिदिन हवन और कथा का समय एक समान रहेगा। 23 जनवरी को कथा के बाद कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

### भुंगारका गांव में पिकअप ड्राइवर से लूट

**नारनौल।** भुंगारका गांव में लूट की वारदात सामने आई है। बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक पिकअप ड्राइवर को गाड़ी से नीचे खींचकर उसके साथ मारपीट की और उसकी जेब से नौ हजार रुपये छीन लिए तथा बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित भुंगारका निवासी रविंद्र ने बताया कि वह पिकअप वाहन चलाकर टॉयलेट में लगने वाले सामान की सप्लाई का काम करता है। बीते दिन वह किसी ग्राहक को सामान सप्लाई कर लौट रहा था। ग्राहक ने दुकानदार को देने के लिए उसे नौ हजार रुपये दिए थे, जो उसके पास थे। रविंद्र ने बताया कि वह अपने एक सहयोगी के साथ पिकअप गाड़ी में सवार होकर अपने गांव भुंगारका की ओर आ रहा था। इसी दौरान रास्ते में मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए तीन युवकों ने उसकी पिकअप के आगे बाइक खड़ी कर दी और जबरन वाहन रुकवा लिया। गाड़ी रुकते ही तीनों युवकों ने उसकी खिड़की खोलकर उसे नीचे खींच लिया और जमीन पर गिराकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान बदमाशों ने उसकी जेब से नौ हजार रुपये निकाल लिए। उसके साथ मौजूद सहयोगी ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन डर के कारण वह असहाय रहा। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर वहां से फरार हो गए, जिसके बाद उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



नारनौल। शिव परिवार मंदिर में शिव ध्वज स्थापित करते अतरलाल।

### शिव मंदिर में हुआ ध्वज स्थापना समारोह

**नारनौल।** खेड़ी तलवाना की न्यू कॉलोनी के निर्माणाधीन शिव मंदिर में ध्वज स्थापना समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर शिव ध्वजा स्थापित की। अतरलाल ने न्यू कॉलोनी खेड़ी तलवाना में शिव परिवार मंदिर निर्माण का कार्य जोर शोर से शुरू करने पर खुशी जताते हुए कहा कि यहां सम्पूर्ण शिव परिवार की मूर्तियां स्थापित होने से ग्रामवासियों को कॉलोनी में ही पूजा अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय धर्म संस्कृति में मंदिर शिवालय व धार्मिक स्थल प्रेरणा स्त्रोत होते हैं।

### पूर्व चेयरमैन रामजीलाल जेलदार का निधन

**नांगल चौधरी।** पंचायत समिति के चेयरमैन रहे रामजीलाल जेलदार का निधन हो गया। जिसका अंतिम



संस्कार पैतृक गांव नियामतपुर मौरूंड में किया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे। आपको बता दें कि रामजीलाल जेलदार ने लगभग 50 वर्षों तक सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहकर जनसेवा की। लगातार 25 वर्षों तक सरपंच रहे। इसके अलावा जिला महेंद्रगढ़ की को ऑपरेटिव सोसायटी बैंक के चेयरमैन, नांगल चौधरी पंचायत समिति सदस्य, मार्केट कमेटी के उप चेयरमैन सहित कई अहम दायित्वों का उन्होंने कुशलता से निर्वहन किया। 12 गांवों का अंतिम जेलदार रहे। करीब 100 वर्षीय रामजीलाल के निधन पर ग्रामीणों ने गहरी संवेदना प्रकट की है।

### मां वैष्णो देवी संस्था के प्रधान राधेश्याम का निधन

**महेंद्रगढ़।** मां वैष्णो देवी जल व अन्न संस्था प्रधान राधेश्याम



माधोगढ़िया का 79 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से महेंद्रगढ़ क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। राधेश्याम ने अपना संपूर्ण जीवन जनहित एवं समाजसेवा को समर्पित कर दिया। वे सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व तथा निस्वार्थ सेवा भावना के लिए समाज में विशेष पहचान रखते थे। जल व अन्न सेवा के माध्यम से उन्होंने जरूरतमंदों की सेवा कर मानवता की मिसाल पेश की। समाज के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय एवं अविस्मरणीय रहेगा।

# सैनी सभा ने मनाया 92वां स्थापना दिवस व महाराजा शूर सैनी जयंती

## समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सैनी सभा का 92वां स्थापना दिवस व महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह का आयोजन सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिसमें समाज के वरिष्ठजनों, शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों व बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ हवन व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके पश्चात नरेश सैनी ने दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरपर्सन नगर परिषद कमलेश सैनी थी। अध्यक्षता प्रोफेसर फूलसिंह सैनी ने की। अतिथिगण का स्वागत रविशंकर सैनी ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी जेपी सैनी, रिटायर्ड डीन एवं प्रोफेसर एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जयपुर डॉ. रणसिंह सैनी, फिजिक्स विभाग सिंघानिया यूनिवर्सिटी डॉ. मोनिका सैनी, प्रिंसिपल राजकीय महाविद्यालय अटेली डॉ. राजेश कुमार सैनी, प्रोफेसर कंप्यूटर साइंस राजकीय महाविद्यालय डॉ. सतीश कुमार सैनी, रिटायर्ड इंस्पेक्टर हरियाणा पुलिस महेश कुमार सैनी, प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रेवाड़ी ओमप्रकाश सैनी, जिला महामंत्री भाजपा किशन बोहरा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज जयसिंह सैनी, प्रेमसैनी समाजसेवी, सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी भाजपा रमेश सैनी थे। मंच संचालन सैनी सभा के पूर्व महासचिव केसरी नंदन सैनी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कमलेश सैनी ने कहा कि महाराजा शूर सैनी का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। शिक्षा, संगठन और सामाजिक समरसता के माध्यम से ही समाज आगे बढ़ सकता है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति व मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। प्रोफेसर फूलसिंह सैनी ने कहा कि सैनी समाज को एकजुट होकर शिक्षा, सामाजिक सुधार और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। संगठन की मजबूती से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। सैनी सभा के प्रधान ने बिशन सैनी कहा कि सभा समाज को जोड़ने, सेवा व संस्कारों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। हम सभी का दायित्व है कि आपसी भाईचारे, सहयोग और शिक्षा को प्राथमिकता देकर समाज को नई दिशा दें। रणसिंह सैनी ने अपने जीवन के अनुभवों को उपस्थित जनसमूह के साथ साझा किया, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा।





नारनौल। कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण व समाज के लोग तथा समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर उपप्रधान रोहताश सैनी, महासचिव निहाल सैनी, सचिव भारत सैनी, कोषाध्यक्ष बलवंत सैनी, प्रेमचंद सैनी डायरेक्टर, रामनरेश, नरेश सैनी, विजय सैनी, सूबेसिंह, अरुण सैनी, बिजेंद्र सैनी, कैलाश सैनी, कृष्ण सैनी एडवोकेट, ईश्वर सैनी, मदनलाल सैनी, सुमन सैनी, बिशम्बर सैनी, नरवर सैनी, कैप्टन हरीश सैनी, प्रिंसिपल हुकम चंद सैनी आदि मौजूद रहे।

### वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की

सेवानिवृत्ति वरिष्ठ लेखा अधिकारी एवं संयोजक सुखानंद फाउंडेशन मुखराम सैनी ने अपनी स्वर्गीय माता की स्मृति में सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कक्षा नौवीं से 12वीं तक आर्थिक रूप से पिछड़े व मेधावी छात्र-छात्राओं को 2500-2500 वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की गई। उन्होंने घोषणा कि वर्ष 2025-26 के लिए छात्रवृत्ति की राशि को 2500 से बढ़कर तीन हजार प्रति छात्र-छात्राओं की गई है। कार्यक्रम में सैनी विद्यालय के 10वीं व 12वीं के 25 मेधावी छात्र-छात्राएं, जिन्होंने बोर्ड में परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल व समाज का नाम रोशन किया, उनको भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। जिसमें विशेष रूप से 10वीं कक्षा की सुहानी पुत्री सुनील 95.4 प्रतिशत, भूमिका पुत्री भारत प्रकाश 94 प्रतिशत, प्रियंका पुत्री सुनील 94 प्रतिशत, हर्ष कोहली पुत्र अनिल 91 प्रतिशत, शुभकरण पुत्र चिमनलाल 91 प्रतिशत शामिल थे।



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# टैगोर के विद्यार्थियों ने गणित ओलंपियाड में रचा कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 98 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। कक्षा पहली से भाविक, कनक, सुकन्या, नव्या, दक्ष, रेहान, लविश व हर्षित; कक्षा दूसरी से आराध्या, जतेश, देवांश, मानवी, महक, लक्ष्मी, लव्या, नचिता, हर्षिता, कुंज, कार्तिक, उत्कर्ष, आयांश, हिमांशी, रोनित व प्रियंशु; कक्षा तीसरी से प्रक्षी, हर्षिता व जयंत; कक्षा चौथी से आयुषी, जिया, रिया, प्रिंस व वान्या; कक्षा पांचवीं से परी, हार्दिक, प्रियंशी, मन्नत, विरांश व निखलेश; कक्षा छठी से लक्ष्यित, नक्ष, ऋषु व दीक्षित; कक्षा सातवीं से ऋत्विक, सारिका, मानवी, प्रतीक, घेमंत, हितेश, वंशिका, परी, सिद्धि, गार्गी, कविश, ध्रुव, दक्ष, जैविक, हर्ष, पायल, संजीव, नितिन, साक्षी, यश, चेतन्या, हुनर व ऋक्षि; कक्षा आठवीं से कुसुम, रिया, ऋतिका, चार्वी, गौरव, इशांत, प्रीति, देवांश, अनुपम, आयुषी, ऋषिका, लक्ष्यिता, हर्ष, नम्रता, वंशु, पियूष, दक्ष, लव, लक्ष्य, आदित्य व समर; कक्षा दसवीं से प्रिंस, सूरज व आरती; कक्षा 11वीं से सुधीर, दिविज व आर्यन तथा कक्षा 12वीं से प्रवेश व पियूष ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

■ प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 98 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया

### आत्मविश्वास को मजबूत करती है ओलंपियाड प्रतियोगिता

सीईओ डॉ. निशा यादव ने कहा कि ओलंपियाड प्रतियोगिता विद्यार्थियों की विषयगत समझ, तार्किक क्षमता और आत्मविश्वास को मजबूत करती हैं। निदेशक राहुल यादव ने कहा कि यह उपलब्धि केवल विद्यार्थियों की नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार की है। प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग से ही इस प्रकार के उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाते हैं। उपप्रधानाचार्य सुनील कुमार एवं पीजीटी हेड निशांत शर्मा ने विद्यार्थियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की आशा जताई। चेयरमैन डॉ. बीएल यादव ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

# रिवासा में हुई महिला खेलकूद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

मकर संक्रांति पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेलों का आयोजन किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्यातिथि बीजेआरडी स्कूल डायरेक्टर राजपाल यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गांव के सरपंच महेश कुमार ने शिकरत की।

महिला दौड़ में मंजू, बंटी और बबली, मटका दौड़ में बबली, रीना और मनीषा, लेमन रेस में शकुंतला, रेशम विजेता रही। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को पानी के कैंपर, पानी बोतल, जग और कप गिलास सेट भेंटकर सम्मानित किया। इन खेलों को आयोजन कमेटी ने अपने सहयोग से 70 जरूरत मंद एवं बुजुर्ग महिलाओं गर्म शॉल भेंट किए। कार्यक्रम के समापन भाषण में मुख्यातिथि ने सभी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए जीवन में यूं ही आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया और साथ ही इन खेलों के आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने में अहम योगदान देने पर विजय सिंह, रघुबीर पंच, विकास यादव, संदीप, अभय सिंह, सहीराम, शकुंतला प्रधान, बबली यादव, रीना यादव का विशेष रूप से आभार प्रकट किया।



महेंद्रगढ़। विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ सीबीपी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के दिशा-निर्देशों के तहत सीबीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को शैक्षणिक नवाचारों, साइबर सुरक्षा, बाल सुरक्षा कानूनों तथा नई शिक्षा नीति से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। रीति मल्हौत्रा ने पॉक्सो एक्ट (बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कानून बच्चों को यौन शोषण, दुर्व्यवहार और उत्पीड़न से बचाने के लिए बनाया गया है। उन्होंने शिक्षकों को पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत आने वाले अपराधों, उनकी पहचान तथा कानूनी प्रावधानों के बारे में समझाया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय स्तर पर बच्चों को सुरक्षित वातावरण देना और किसी भी संदिग्ध स्थिति में त्वरित कार्रवाई करना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षकों को इस कानून की जानकारी होना समय की मांग है।



महेंद्रगढ़। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### तेजी से बढ़ रहे अपराध

कार्यक्रम में जिला शिक्षा प्रशिक्षण केंद्र की सीनियर प्रवक्ता किरण ने शिक्षकों को साइबर क्राइम एवं सिक्योरिटी सिस्टम के विषय में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी, डेटा चोरी और सोशल मीडिया से जुड़े अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। जयप्रकाश बवानिया ने बताया कि यह नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। नई शिक्षा नीति में कौशल आधारित शिक्षा, रचनात्मकता, नैतिक मूल्यों और व्यावहारिक ज्ञान को विशेष महत्व दिया गया है। चेयरमैन सतन सिंह ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं।



महेंद्रगढ़। विशु यादव को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### विशु यादव ने प्रतियोगिता में पाया तीसरा स्थान

**महेंद्रगढ़।** पुलिस की यातायात विभाग के द्वारा गुरुग्राम में इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन रैज लेवल पर आयोजित किया गया, जिसमें देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल की छात्रा विशु यादव पुत्री विरेंद्र सिंह ने क्विज में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता और स्कूल का मान बढ़ाया। यातायात प्रबंधन के द्वारा इस परीक्षा का आयोजन चार चरणों में किया गया। प्रथम चरण स्कूल लेवल पर, दूसरा चरण ब्लॉक लेवल पर, तीसरा चरण जिला स्थल लेवल पर किया गया। विशु यादव ने प्रत्येक लेवल पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी चरणों को पार करते हुए रैज लेवल पर भी अपनी पोजीशन को कायम रखा। सड़क सुरक्षा से संबंधित पूछे गए सभी प्रश्नों का जवाब देते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी को मात देकर यह सम्मान प्राप्त किया। स्कूल प्रशासन ने पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया। प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि यातायात प्रबंधन के द्वारा यह बहुत अच्छा कदम है। इस प्रकार की प्रतियोगिता से बच्चे बचपन में ही सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत हो जाते हैं, जिससे सड़क पर होने वाली दुर्घटना को कम किया जा सकता है।



महेंद्रगढ़। कुमारी मायावती का जन्मदिन मनाते हुए।

### रविदास मंदिर में मनाया कुमारी मायावती का जन्मदिन

**महेंद्रगढ़।** शहर के मौहल्ला महायचान के गुरू रविदास मंदिर में वीरवार को बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने यूपी की पूर्व सीएम कुमारी मायावती का जन्मदिन जन कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान मौहल्ले की सबसे वृद्ध महिला संतरा देवी व सुरजी देवी की ओर से मायावती के जन्म दिवस का केक काटा गया। बहुजन समाज पार्टी वरिष्ठ कार्यकर्ता सतवीर जोनावास ने मायावती के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मायावती ने सर्व समाज के लोगों के लिए कार्य करते हुए यूपी के चार बार मुख्यमंत्री बनी और महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी। उन्होंने साबित करके दिखाया कि अगर महिला ठान ले तो, किसी भी मुकाम पर पहुंच सकती हैं। आज के दिन महिलाओं के लिए बहन मायावती का जीवन प्रेरणा स्रोत है।



नारनौल। रोजगार मेले में उपस्थित प्रार्थी। फोटो : हरिभूमि

### रोजगार मेले में 29 प्रार्थियों का चयन

**नारनौल।** जिला रोजगार कार्यालयए में वीरवार को रोजगार मेला का आयोजन किया। जिसमें कुल 114 प्रार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया। विभिन्न कम्पनियों से आए प्रतिनिधियों ने 29 प्रार्थियों को मौके पर ही चयन पत्र दिया गया। जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह रावत ने बताया कि रोजगार मेले में आए हुए प्रार्थियों की प्री काउंसिलग की गई। इस अवसर पर रोजगार विभाग से सम्बंधित सभी स्कीमों व प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के बारे में जानकारी दी। अन्त में जिला रोजगार अधिकारी ने मेले में भाग लेने वाले सभी नियोजकों व सभी सहयोगी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि हरियाणा रोजगार विभाग की ओर से भविष्य में भी बेरोजगार प्रार्थियों के लिए इस प्रकार के रोजगार के अवसर प्रदान किए जाते रहेंगे।



नारनौल। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कुतबापुर में हुई वॉलीबाल व खेल क्रीड़ा प्रतियोगिता

**नारनौल।** मकर संक्रांति अवसर पर गांव कुतबापुर में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वालीबॉल प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में गांव कुतबापुर की टीम प्रथम व बड़कोदा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। जूनियर टीम में दोनों ही टीम गांव कुतबापुर की प्रथम तथा द्वितीय रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के साथ क्रीड़ा प्रतियोगिता में कुश्ती तथा दौड़ प्रतियोगिता में कक्षा पहली से दसवीं तक के बच्चों की रही। पीटीआई होशियार के मार्गदर्शन में बच्चों को खेल की भावना के साथ शिक्षा के महत्व व संस्कारी बच्चे बनने और किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस सफल आयोजन में सोनू कोच, वेदप्रकाश कोच शहरपुर, यतेन्द्र मास्टर, प्रवक्ता राजपाल बड़कोदिया, नीटू यादव व प्रवीण आदि का विशेष योगदान रहा।

■ वालीबॉल प्रतियोगिता में कुतबापुर की टीम रही प्रथम

**दौरा** | अधिवक्ता समुदाय के आपसी संबंधों को और अधिक सशक्त बनाना बैठक का उद्देश्य

जिला बार एसोसिएशन ने किया नांगल चौधरी बार का दौरा

# जिला बार एसोसिएशन सदैव अपने सभी विकास सुविधाओं और एकजुटता के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने प्रधान संतोख सिंह यादव के नेतृत्व में नांगल चौधरी बार का दौरा किया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी टीम ने नांगल चौधरी बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निवारण किया।

इस अवसर पर नांगल चौधरी बार के वरिष्ठ अधिवक्ता ताराचंद नासिर व जिलेसिंह ने गुलदस्ता भेंट कर प्रधान संतोख सिंह यादव व कार्यकारिणी का स्वागत किया। बैठक का उद्देश्य अधिवक्ता समुदाय के आपसी संबंधों को और अधिक सशक्त बनाना व स्थानीय स्तर पर अधिवक्ताओं की सुविधाओं के विकास को बढ़ावा देना रहा। प्रधान संतोख सिंह यादव ने कहा कि नांगल चौधरी बार जिले का अभिन्न अंग है। जिला बार एसोसिएशन सदैव अपने सभी विकास, सुविधाओं व एकजुटता के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधान ने नांगल चौधरी बार परिसर में टीनशेड निर्माण हेतु 150000 रुपये का चेक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह सहयोग अधिवक्ताओं की सुविधा व बार परिसर के विकास के लिए जिला बार एसोसिएशन की एक छोटी सी पहल है, जो भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।



नारनौल। नांगल चौधरी बार का दौर करते प्रधान संतोख सिंह यादव।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उप प्रधान विकास सांगवान, सचिव प्रदीप यादव, सहसचिव चंद्रदेव यादव, कोषाध्यक्ष सुगन सिंह, लेखा परीक्षक कार्तिक यादव, पुस्तकालयाध्यक्ष प्रमिंद्र यादव आदि मौजूद थे। नांगल चौधरी बार के अधिवक्ताओं ने जिला बार एसोसिएशन के इस सहयोग के लिए धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि जिला बार के इस कदम से अधिवक्ताओं में एकता व उत्साह की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई है। इस मौके पर लखीराम एडवोकेट, धर्मेश जोशी एडवोकेट, कमलेश शर्मा एडवोकेट, बिहारीलाल यादव एडवोकेट, सुरेंद्र मूसनौता, मालाराम गुर्जर एडवोकेट, मनीष चौधरी एडवोकेट, दीपक एडवोकेट, योगेश एडवोकेट, राजेंद्र एडवोकेट, सुरेंद्र स्वामी एडवोकेट, रंधावा एडवोकेट, अनिल भारद्वाज एडवोकेट, मंजू यादव एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# युवा स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाएं: खनगवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 12 जनवरी से 16 फरवरी तक स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष के युवा सप्ताह का मुख्य विषय स्वयं को प्रज्ज्वलित करें, विश्व को प्रभावित करें रखा गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करना और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को उनके जीवन में उतारना है। निबंध लेखन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है तथा खेलकूद प्रतियोगिताएं और योग शिविर का आयोजन भी प्रतिदिन कार्यक्रम के दौरान किया जा रहा है। वीरवार को कार्यक्रम के तीसरे दिन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य विनोद कुमार खनगवाल व प्रोफेसर डॉ. कर्मवीर सिंह यादव ने स्वामी विवेकानंद जी के फोटो पर पुष्प अर्पित कर की। प्रधानाचार्य विनोद कुमार खनगवाल ने स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।



नारनौल। कार्यक्रम में संबोधित करते प्रधानाचार्य विनोद कुमार खनगवाल।

**सार्वजनिक सूचना**

मै प्रवीन पुत्र सत्यपाल वासी गांव डेरोली अहीर तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे पिताजी ने मेरे नाम से एक पोलिसी HDFC Standard Life Insurance Policy No 10420701 खुलवाई थी जिसमें मेरा नाम जितेश यादव (Jitesh Yadav) दर्ज है जबकि मेरा सही नाम मेरे सभी दस्तावेजों अनुसार प्रवीन Parveen) है। जितेश यादव व प्रवीन एक ही आदमी के नाम है।

**सार्वजनिक सूचना**

मै रोहताश पुत्र सुरता राम वासी गांव बडगांव तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी 10 कक्षा की सर्टिफिकेट में मेरा नाम रोहताश दर्ज है जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम रोहताश है। भविष्य में मै अपना नाम रोहताश ही करना चाहता हूं।

## जिले की एक नगर परिषद एवं चार नगर पालिकाओं में शुरू होगा स्वच्छता सर्वेक्षण

# इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग के लिए करनी होगी कड़ी मेहनत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में कुछ बदलाव कर दिए गए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अबकी बार इस सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग प्राप्त करने के लिए पहले से ज्यादा एवं कड़ी मेहनत करनी होगी। सर्वेक्षण को पहले की तुलना में अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जमीनी स्तर से जोड़ने के लिए यह बदलाव किए गए हैं। सर्वेक्षण में सबसे अधिक अंक जमीन स्तर के मूल्यांकन के साथ सिटीजन फीडबैक के लिए निर्धारित किए हैं। साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं के मूल्यांकन का लोगों के फीडबैक के आधार पर ही टीमें रिपोर्ट कार्ड तैयार करेंगी।

उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में वर्ष 2016 में की शुरुआत की गई थी, जिसे आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत के शहरों में स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की स्थिति का आंकलन करने के लिए शुरू किया गया था। यह विश्व का सबसे बड़ा शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण है, जो 73 शहरों से शुरू होकर अब 4,500 से अधिक शहरी क्षेत्रों तक विस्तृत रूप ले चुका है। इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में शहरी निकायों को जनसंख्या के आधार पर पांच श्रेणियों में विभाजित किया गया है, ताकि छोटे, मध्यम और बड़े शहरों का निष्पक्ष मूल्यांकन हो सके। इसमें प्रथम श्रेणी में 20 हजार तक की जनसंख्या वाला शहर, दूसरी श्रेणी 20 से 50 हजार तक, तीसरी श्रेणी में 50 हजार 3 लाख तक, चौथी श्रेणी में 3 लाख से 10 लाख तक तथा पांचवीं श्रेणी में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों को शामिल किया गया है।


नारनौल। नगर परिषद कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### पिछले साल की स्थिति

वर्ष 2024-25 के स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर परिषद नारनौल की स्टेट रैंकिंग पिछले वर्ष 2023–24 की तुलना में रैंकिंग 48 से बढ़कर 83 पर पहुंच गई थी। महेंद्रगढ़ पालिका की भी स्टेट रैंकिंग 43 से बढ़कर 56 पर पहुंची थी। इसी के मद्देनजर इस बार के सर्वेक्षण में मंत्रालय के नए मूल्यांकन नियमों के चलते साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे। तभी इस बार जिले की पालिका व परिषद की रैंकिंग में सुधार आ सकेगा।

### पोर्टल पर अपलोड करना होगा डाटा

स्वच्छता सर्वेक्षण में भागीदारी करने वाली निकायों को स्वच्छतम पोर्टल पर त्रुटि रहित अपना पूरा डाटा अपलोड करना होगा। पोर्टल पर अपलोड किए जाने वाले डाटा को एजेंसी से एस्सेट करवाया जाएगा।

### यह बोले टीम लीडर

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए सर्वेक्षण टूलकिट जारी कर दिया गया है। इसकी विभिन्न श्रेणियों के मूल्यांकन के लिए अलग-अलग अंक निर्धारित किए गए हैं। कुल 12,500 अंक निर्धारित किए गए हैं। इन अंकों को विभिन्न मापदंडों में विभाजित किया गया है, जिसमें कचरा प्रबंधन, साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन, डंप साइट की स्थिति, जागरूकता अभियान और प्रशासनिक व्यवस्था शामिल है। प्रत्येक घटक के लिए अलग-अलग अंक निर्धारित किए गए हैं। सर्वेक्षण का उद्देश्य शहरों को स्वच्छता के प्रति और अधिक जवाबदेह बनाना तथा नागरिकों की सहभागिता को बढ़ावा देना है, ताकि स्वच्छता के मानकों में निरंतर सुधार किया जा सके।
-दीपक दुबे, सिटी टीम लीडर, स्वच्छ भारत मिशन (नगर परिषद नारनौल)



## जिला युवा अधिकारी ने की स्वयंसेवकों के साथ बैठक

**नारनौल।** माय भारत, युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार माय भारत युवा मंडल विकास अभियान के तहत वीरवार को जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव की अध्यक्षता में स्वयंसेवकों की बैठक का आयोजन किया। जिसमें माय भारत प्लेटफॉर्म पर युवा क्लब व महिला मंडल के पंजीकरण की प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक गांव में युवा क्लब का गठन कर युवाओं को संगठित करना है।

## यादव सभा की आम बैठक 18 को होगी

**महेंद्रगढ़।** यादव सभा की नई कार्यकारिणी को लेकर 18 जनवरी को सुबह 11 बजे एक आमसभा आयोजित की जाएगी। संस्था के कन्वीनर डॉ. राजबीर यादव ने बताया कि 18 जनवरी को यादव सभा की एक आम बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें मुख्य रूप से नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और विस्तार से आगे की आगामी कार्रवाई पर विचार विमर्श किया जाएगा और संस्था में विकास कार्यों पर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

## अतिक्रमणकारियों के किए चालान, शिकायतें मिलने पर की गई कार्रवाई

# मुनादी के बाद नपा ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

### डीएमसी के दिशा-निर्देशन में लगातार रहेगा अभियान: चेयरपर्सन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

नगर को साफ-सुथरा शहर बनाने की दिशा में जिला नगर आयुक्त के दिशानिर्देश में नगर पालिका टीम ने वीरवार को अतिक्रणकारी दुकानदारों के दो-दो हाजर रुपये के चालान किए गए। जिसे लेकर दुकानदारों ने नपा की टीम के साथ जिद्दोजहद भी की। नपा के अतिक्रमण हटाओ दस्ते में चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा, सचिव कपिल कुमार, लेखा सहायक श्यामलाल सहित सफाई कर्मचारी व पुलिस कर्मचारी शामिल थे। इस अभियान के तहत नगर की साफ-सफाई, अवैध रूप से लगे होर्डिंग बैनर हटाने, अतिक्रमण हटाने सहित विभिन्न गतिविधियों पर फोकस किया गया है। नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा व सचिव कपिल कुमार ने बताया कि पिछले तीन दिन तक नगर में अतिक्रमण हटाने के लिए मुनादी करवाई गई है। जिसके अंतर्गत दुकानदारों को दुकान के शटर तक सामान लगाने की हिदायत दी गई थी। मुनादी के चलते कुछ दुकानदारों की ओर से कार्रवाई के भय से स्वयं ही सामान समेट लिया गया, जबकि कुछ अतिक्रमण हटाओ दस्ते के आगमन का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दुकानदारों की ओर से तकत, फ्लैक्स व लोहे के बोर्ड सहित अन्य सामान दुकान से बाहर रखा हुआ था। मंडी टी प्वाइंट, बस स्टैंड के समीप, गाहड़ा रोड, डॉ. अम्बेडकर चौक, मंडी रोड पर अतिक्रमण के चलते समस्या बनी हुई है। उन्होंने बताया कि नपा कार्यालय में अतिक्रमण संबंधित शिकायत मिलने पर पहले मुनादी करवाकर वीरवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया है।



कनीना। अतिक्रमण हटवाते नपा कर्मचारी तथा नपा दस्ते से उलझते दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

### लगातार जारी रहेगा अभियान

नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने कहा कि कॉलेज रोड, उप नागरिक अस्पताल के समीप भी अतिक्रमण की शिकायत मिल रही है। जिला नगर आयुक्त रणबीर सिंह के दिशानिर्देश में नपा की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नपा सचिव कपिल कुमार की अगुआई में दस्ते की ओर से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

### दुकानदार करें सहयोग

नगर पालिका सचिव कपिल कुमार ने कहा कि दुकानदारों की ओर से मार्ग में अतिक्रमण करने से सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है। अतिक्रमण पर नियंत्रण पाने के लिए अभियान चलाया गया। दुकानदारों की ओर से बाहर लगाए गए सामान को दस्ते द्वारा जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि साफ सफाई तथा शहर की सुंदरता के लिए सामूहिक रूप सहयोग जरूरी है।

## खबर संक्षेप


नारनौल। आंबेडकर प्रतिमा के सामने विरोध जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कटक अधिवेशन रद्द करने के विरोध में धरना

**नारनौल।** भारत मुक्ति मोर्चा की ओर से डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा प्रांगण में वीरवार धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान संविधान के मौलिक अधिकार का उड़ीसा सरकार द्वारा कटक अधिवेशन रद्द करने एवं के विरोध में तथा जाति आधारित जनगणना करके सभी साधन संसाधनों में समान हिस्सेदारी की मांग को लेकर विरोध जताया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा प्रधान संयोजक जगदीश, भारत मुक्ति मोर्चा प्रधान अमरसिंह, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, राज ऋषि, क्षत्रिय धर्म संघ महेंद्रगढ़ सवाई सिंह, महासचिव सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति बीसी गोठवाल, सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति अध्यक्ष चंदन सिंह जालवान, अनिल सैनी, जिले सिंह सिरोहा, लाजपत सिरोहा, लालाराम, ओमप्रकाश, जगराम कालिया, एडवोकेट सुभाष कामरेड, एडवोकेट दुलीचंद, ओमप्रकाश महेंद्रगढ़, अनिल करीरा, लालाराम कारोता, राष्ट्रीय बेरोजगार मोर्चा प्रधान अरुण सिंह आदि मौजूद रहे।

### हर शिकायत का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें: डीसी



**महेंद्रगढ़।** लघु सचिवालय परिसर के कोर्ट रूम में वीरवार को डीसी कैप्टन मनोज कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में डीसी ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में कुल 45 शिकायतें पंजीकृत हुई। डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि विभागाध्यक्ष स्वयं ऐसी शिकायतों पर संज्ञान लें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए समाधान करवाएं, ताकि वही शिकायत दोबारा न खुले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर को केवल औपचारिकता न मानते हुए जनसेवा का माध्यम समझें और हर शिकायत का समयबद्ध व स्थायी समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित दिन पर समाधान शिविर में पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। इस अवसर पर एसडीएम कनिका गोयल, सीएमजीजीए सौरभ कुमार सोनी, डीएचबीवीएन के कार्यकारी अभियंता रणबीर सिंह, पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ बलजीत सिंह, जिला कल्याण विभाग के एआरओ धर्मेंद्र यादव, नगर पालिका सचिव गौरव कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### आरती सिंह के नेतृत्व में अटेली में हो रहे विकास कार्य: प्रदीप सराय



**मंडी अटेली।** भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा एवं पूर्व सरपंच प्रदीप सराय ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अटेली विधानसभा में लगभग एक वर्ष में सिंचाई विभाग से नारनौल ब्रांच सुरजनवास से मानपुरा तक 24.5 करोड़, नारनौल ब्रांच भालखी से राता कलां तक 17.5 करोड़ की लागत से कृष्णावती नदी में पानी पहुंचाया। मार्केट कमेटी से लिंक रोड बौचड़िया से गनियार, दुलोठ जाट से कलवाड़ी, चंदपुरा सुजापुर से जैतपुर राजस्थान बोर्डर, खेड़ी से रोड़वाल राजस्थान बोर्डर तक, तिगरा से बाछौद, कटकई से सलीमपुर, दौगड़ा से बवानिया, मुंडिया खेड़ा से दौंगडा जाट तक लिंक रोड लगभग छह करोड़ की लागत बनवाए गए। तिगरा, सलीमपुर, उनींदा, ताजपुर, गढी रूथल, सैदपुर गांवों में पाइप लाइन द्वारा जोहड़ों नहरी पानी पहुंचाया। बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में 63 बीएएमएस की सीटों को बढ़ाकर 100 सीटों को मंजूर करवाया। वहीं बिहाली में अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल स्टेडियम बनाया जाएगा। अटेली में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस बनाया जाएगा।

### सीएल क्रिकेट अकादमी बनी विजेता



**नारनौल।** सीएल क्रिकेट अकादमी व एलसीआरटी क्रिकेट अकादमी पानीपत के बीच अंडर 14 की क्रिकेट तीन मैचों की श्रृंखला खेली गई। जिसमें सीएल क्रिकेट अकादमी ने अपने तीनों मुकाबले जीते। इस श्रृंखला के बेस्ट बल्लेबाज आरव ग्रेवाल रहे। जिन्होंने तीन मैचों में 104 रन बनाए व हार्दिक लंबा इस श्रृंखला के बेस्ट गेंदबाज रहे, जिन्होंने सात विकेट लिए। दीपांशु को उनके ऑलराउंड परफॉर्मेंस के बेस पर इस श्रृंखला का मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। सीएल स्कूल हुडा सेक्टर में पहुंचने पर सभी खिलाड़ियों व कोच दिनेश यादव संदीप और पीयूष का फूलमालाओं से स्वागत किया गया।


नारनौल। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते सीटीएम डॉ. मंगल सेन। फोटो : हरिभूमि

## समाधान शिविर में नागरिकों ने रखी 35 शिकायतें

**नारनौल।** लघु सचिवालय स्थित मीटिंग हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने की। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए 35 नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखी। समाधान शिविर के दौरान परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया गया। इसके लिए एक विशेष डेस्क स्थापित किया गया है, ताकि नागरिकों को भटकना न पड़े और उनकी तकनीकी समस्याओं को वहीं हल किया जा सके। इस अवसर पर नगराधीश ने कहा कि परिवार पहचान पत्र वास्तविक लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से शिविर में मौके पर ही आवेदन लेकर उनका समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। पीपीपी के अलावा शिविर में बिजली, पेयजल आपूर्ति, गलियों और अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतें भी प्राप्त हुई। नगराधीश ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों पर गंभीरता से अमल किया जाए। इस मौके पर डीएसपी भारत भूषण सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

## एडीसी ने किया विकास परियोजनाओं का निरीक्षण



**नारनौल।** हरियाणा सरकार की विकास परियोजनाओं को समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से पूरा करने की प्रतिबद्धता के साथ अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने वीरवार को जिला योजना स्कीम के तहत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। एडीसी ने नगर परिषद, नगर पालिका महेंद्रगढ़, खण्ड नारनौल, महेंद्रगढ़ व सिहमा का दौरा कर वहां चल रहे कार्यों की प्रगति जांची। निरीक्षण के दौरान जहां भी कार्यों में कोई तकनीकी त्रुटि या कमी नजर आई, उन्होंने संबंधित एसडीओ व कनिष्ठ अभियंता को उसे तुरंत दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्यस्थल पर अनिवार्य रूप से साइन बोर्ड लगाया जाए, जिस पर योजना का नाम स्पष्ट रूप से अंकित हो, ताकि आम जनमानस को विकास कार्यों की जानकारी मिल सके। इस दौरान जिला योजना अधिकारी शीलक राम, संबंधित अभियंता व ग्राम पंचायतों के सरपंच भी उपस्थित रहे। मौके पर मौजूद ग्रामवासियों ने विकास कार्यों की गुणवत्ता को संतोषजनक बताया। अतिरिक्त उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय के भीतर पूरा करना सुनिश्चित किया जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

# डीसी ने किया पाली में बनने वाले गो अभ्यारण्य केंद्र का निरीक्षण

### 68 एकड़ जमीन पर बनेगा गो अभ्यारण्य केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिले को बेसहारा गोवंश से मुक्त करने की दिशा में जिला प्रशासन ने गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने वीरवार को जिले के गांव पाली में बनने वाले गो अभ्यारण्य केंद्र की प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया। इस गो अभ्यारण्य के लिए पंचायत की ओर से 68 एकड़ का प्रस्ताव दिया गया है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरियाणा सरकार की ओर से जारी दिशानिर्देशों के अनुसार यहां पर सभी प्रकार की आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं।

उन्होंने कहा कि इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य बेसहारा गोवंश को सुरक्षित और स्वच्छ आश्रय प्रदान करना है, ताकि उन्हें सड़कों पर भटकना न पड़े।

उपायुक्त ने बताया कि यहां चारे, शुद्ध पेयजल, चिकित्सा सुविधाओं व गायों के रहने के लिए उचित शेड का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन गोसेवा व संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस अभ्यारण्य के बनने से न केवल गोवंश सुरक्षित होगा, बल्कि सड़कों पर होने वाले हादसों में भी कमी आएगी।

उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तालमेल बिठाकर कार्य करने व निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए।


नारनौल। गो अभ्यारण्य केंद्र का निरीक्षण करते डीसी कैप्टन मनोज कुमार।

## मकर संक्रांति पर खेलकूद आयोजित

**नारनौल।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर छोटी काशी के नाम से मशहूर गांव कमानियां में बुजुर्गों व महिलाओं के लिए आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं ने सामाजिक समरसता व उत्साह का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। इस आयोजन में महिलाओं और बुजुर्गों ने पूरे जोश व उमंग के साथ भाग लिया, जिससे गांव का माहौल उत्सवमय बन गया। श्री रामनाथ काशी जन सेवा संगठन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों व महिलाओं को सक्रिय जीवनशैली से जोड़ना और पारंपरिक पर्वों को सामाजिक सहभागिता के साथ मनाना रहा। प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की मौजूदगी ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया, जिनमें महिलाओं व बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल मैदान में प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। आयोजन के समापन पर श्री रामनाथ काशी जन सेवा संगठन की ओर से सभी विजेता व उपविजेताओं को सम्मानित किया गया।

**बैठक** | हरियाणा गोसेवा आयोग के अध्यक्ष ने गोशालाओं व नंदीशालाओं की समीक्षा बैठक ली

# जिले में 2300 गोवंश बेसहारा, एक माह में गोशालाओं में भेजने के दिए-निर्देश

### सीएम के नेतृत्व में सरकार बेसहारा गोमुक्त हरियाणा बनाने को प्रतिबद्ध: श्रवण कुमार गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण कुमार गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार बेसहारा गोमुक्त हरियाणा बनाने को प्रतिबद्ध है। सरकार ने गोवंश के संरक्षण व गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। सरकार ने गोसेवा के बजट में अभूतपूर्व बढ़ोतरी की है। इससे गोशाला संचालकों को प्रबंधन में आसानी हुई है। गर्ग वीरवार को लघु सचिवालय में पशुपालन विभाग के अधिकारियों तथा जिले की गोशालाओं व नंदीशालाओं के प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उनके साथ गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष पूर्णमल यादव भी मौजूद थे। हरियाणा गोसेवा आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देश अनुसार बेसहारा गोवंश को सुरक्षित आश्रय देने के लिए सरकार ने प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक गौ अभयारण्य बनाने का लक्ष्य रखा है। हिसार व पानीपत जैसे जिलों में बड़े गो अभयारण्य पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं, जहां हजारों गायों के रहने और चारे की आधुनिक व्यवस्था है। ऐसा ही गो अभयारण्य महेंद्रगढ़ जिले के गांव पाली में बनेगा। इसके लिए ग्राम पंचायत का 68 एकड़ जमीन का प्रस्ताव सरकार को मिल चुका है। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 2300 गोवंश बेसहारा हैं। इन सभी को एक माह में गोशालाओं में भेजने के निर्देश दिए। सभी गोशाला संचालकों ने भी इस पर सहमति दी। उन्होंने कहा कि गोशालाओं के आर्थिक बोझ को कम करने के लिए सरकार ने पंजीकृत गोशालाओं के लिए बिजली की दर घटाकर मात्र दो रुपये प्रति यूनिट कर दी है। इससे पहले गोशालाओं को व्यावसायिक या घरेलू दरों पर भुगतान करना पड़ता था, जो काफी महंगा था। अगर किसी का बिल अधिक है तो उसे ठीक कराएं। उन्होंने कहा कि इससे अलावा सरकार ने राज्य में 331 गोशालाओं में सोलर पैनल लगाए हैं। गोशाला प्रबंधन इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। गर्ग ने सरकार के ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि अब विकसित भारत जी राम जी के तहत गोशालाओं में काम करवाया जा सकता है। इससे नागरिकों को उनके घर के आसपास रोजगार मिलेगा।

सरकार पात्र नागरिकों को 125 दिन के रोजगार की गारंटी देती है। उन्होंने कहा कि मृत गोवंश के लिए सभी जिलों में हडवारा बनाए जाएंगे, ताकि गोवंश को सम्मान के साथ समाधि दी जा सके।


नारनौल। गोशाला संचालकों की बैठक लेते हरियाणा गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण कुमार। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया, एसडीएम अनिरुद्ध यादव, डीएसपी सुरेश कुमार, डीडीएएच चंद्रभान सोनी व डीडीपीओ प्रमोद कुमार भी मौजूद थे।